





## एक नजर में

### ज्यादा आवक होने के कारण छुट्टी के दिन भी मंडी में हुई नीलामी



**खंडवा।** शनिवार को अवकाश दिवस होने के उपरांत भी कृषक हित में खंडवा मंडी प्रशासन ने मौके पर उपस्थित रहकर कल के शेष वाहनों का नीलाम कार्य संपन्न कराया। नीलाम में SDM (राजस्व)/भारसाधक अधिकारी मंडी खंडवा ऋषि कुमार सिंघई एवं मंडी सचिव ओपी खेड़े उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ शुरू अस्त होते सूर्य को दिया जाएगा अर्ध्य

**खंडवा।** ऊर्जा, शक्ति, प्रकाश, ज्योतिष में ग्रहों के राजा, आत्मा एवं पिता के कारक माने जाने वाले सूर्य को केंद्र मानकर शनिवार से छठ पूजा का तप पर्व प्रारंभ हुआ। चार दिनों तक चलती छठ पूजा, के पहले शनिवार को चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय, दूसरे दिन 26 अक्टूबर रविवार को खरना, तीसरे दिन 27 अक्टूबर सोमवार को मुख्य पर्व संध्या डूबते सूर्य को अर्ध और फिर 28 अक्टूबर मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य होगा। पहले दिन नहाय-खाय से शुरुआत हुई। जिसके बाद दूसरे दिन खरना होगा। तीसरे दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, और चौथे दिन सुबह उगते सूर्य को अध्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

### गुर्जर छात्रावास में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 29 अक्टूबर को



**खंडवा।** श्री देवनारायण भक्त मंडल एवं सकल गुर्जर समाज जिला खंडवा के तत्वावधान में एवं विश्व विख्यात गुर्जर तीर्थ भगवान देवनारायण जी की अवतरण स्थली मालासेरी डूंगरी राजस्थान स्थित मंदिर के प्रमुख पुजारी हेमराज पोसवाल के विशेष सान्निध्य में 29 अक्टुबर को सुबह 11 बजे, खंडवा गुर्जर छात्रावास में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों के साथ समाज के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने हेतु शुक्रवार को बैठक सकल गुर्जर समाज जिला संयोजक छीतर लाहोरिया, प्यारसिंह सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष बडगुर्जर समाज, पूनम रानवे अध्यक्ष नवयुवक गुर्जर संस्था हरसूद, वरिष्ठ समाजसेवी एन एस चौहान के विशेष सान्निध्य में बैठक सम्पन्न हुई। आयोजन टीम द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे सहित महापौर खंडवा को आमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर भीमाशंकर पटेल, गोकुल पटेल, नहारु पटेल, राजेश परिहार, गजराज सिंह मंडलोई, दीपक सोलंकी, रामनिवास पुनासे, दीपक खोरे, डा. मंशाराम गुर्जर, सुनिल पाटिल, प्रभू पटेल, देवेन्द्र पंवार, सतीष पटेल, मनोज पटेल, रामचरण गुर्जर, राहुल गुर्जर, योगेश गुर्जर चिंतराम, पुनासिया, नितिन पटेल, यशवंत पटेल, दीपक पटेल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

### ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना पीड़ित सोनू को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की प्रदान



**खंडवा।** गत दिनों ग्राम अर्दला के तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना की पीड़ित कुमारी सोनू निवासी पाडलफाटा को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने रेडक्रॉस से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जनपद पंचायत पंधाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश टेमने ने बताया कि सोनू पिता छिजू निवासी पाडलफाटा को आर्थिक मदद उपलब्ध करा दी गई है।

### अपंजीकृत डॉक्टर की क्लीनिक सील




**खण्डवा।** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी पंधाना सुश्री दीक्षा भगोरे व उनकी टीम द्वारा ग्राम दीवाल और बीलूद में अपंजीकृत चिकित्सको के विरुद्ध कार्यवाही कर करते हुए ग्राम दीवाल में फर्जी डॉक्टर भोलेशंकर की क्लिनिक सील कर दी गई है। इसके साथ ही ग्राम बीलूद में फर्जी डॉक्टर श्याम बिरला के घर से दवाइयां जप्त की गई हैं। टीम में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, स्वास्थ्य टीम मौजूद थी। विकासखंड पंधाना में अपंजीकृत चिकित्सकों पर यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। डॉ. तंतवार ने ग्रामीणजनो से कहा है कि पंजीकृत चिकित्सक व सरकारी हॉस्पिटल में ही इलाज करवाइए। फर्जी चिकित्सक से इलाज नहीं करवाएं।

# मुख्य चौराहों और गलियों में अतिक्रमण ने पैर पसारे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। अतिक्रमण शहर के लिए नासूर बनता जा रहा है। दिन होते ही शहर की सड़कें सिकुड़ जाती हैं। लगातार शहर में अतिक्रमण सड़कों किनारे बढ़ रहा है। मुख्य बाजार की हालत तो और भी ज्यादा खराब है।**

सड़क के दोनों ओर अस्थाई ठेले वाले व दुकानदारों ने ओटलों के बाहर दुकानें सजा रखी हैं। यही कारण है कि यातायात व्यवस्था इन क्षेत्रों में चरमरा जाती है। कई जगह तो बीच सड़क पर ही गाडियां पार्क की जा रही है। रहवासी क्षेत्रों में व्यवसायीकरण कर दुकानें तो खोल दी गई लेकिन पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी गई। जिसके कारण आए दिन जाम लगा रहता है। नगर निगम की बात की जाए तो निगम के गेट पर ही अतिक्रमण देखने को मिल जाएगा। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य क्षेत्रों में क्या हालात होंगे? घंटाघर पर तो दुकानों के सामने गाडियों की पार्किंग और पार्किंग के आगे ठेले वालों का कब्जा इस तरह के दृश्य यातायात में बाधक बन रहे हैं।







### यहां क्यों नहीं पहुंचता अतिक्रमण दस्ता

बुधवार बाजार में दुकानदार व ग्राहक द्वारा रोड के बीचों-बीच वाहन पार्किंग करने से पैदल चलना भी दुभर हो गया। कार्रवाई के नाम पर इतिश्री। ऐसा नहीं है कि ये अतिक्रमण नगर निगम से छुपा है। शहर में अतिक्रमण की स्थिति पर नजर डालें तो गंज बाजार, केवलराम पेट्राल पंप चौराहा, इमलीपुरा, मच्छीबाजार, कल्लनगंज सहित आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अतिक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है।

### निगम को भी सब पता है

निगम द्वारा अब तक चलाई गई मुहिम में इन क्षेत्रों को कभी टारगेट नहीं बनाया गया। सिर्फ रेलवे स्टेशन के सामने और अन्य कुछ स्थानों पर दस्ते को भेजकर सामान जप्ती की कार्रवाई कर इतिश्री कर ली जाती है।

यही कारण है कि गलियों में फलफूल रहे इन अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। गंज बाजार की गली तो अतिक्रमण के चलते इतनी संकरी हो गई है कि आए दिन यहां वाहनों चालकों का लोगों से विवाद होता रहता है।

### दिनभर जाम का कारण यह भी

छोटी-छोटी दुकानें लेकर बैठे यहां के व्यवसायी दुकानों में कम और रोड पर सामान अधिक रखते हैं। यही वहज है कि यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इन जगहा पर रोड पर कब्जा पड़ावा, शिवाजी चौक और मानसिंग मिल के अस्थाई बस स्टैंड पर अतिक्रमण हैं। यही स्थिति महात्मा गांधी मार्ग, जलेबी चौक, जिला अस्पताल गेट के पास, शिवाजी चौक के पास में भी फल विक्रेताओं ने रोड पर कब्जा जमा लिया है।





### बड़े अफसर कब उतरेंगे सड़क पर?

प्रशासनिक आलाधिकारियों को ऐसी जगहों को चिंहित कर कारगर रणनीति अपनानी होगी। पार्किंग की जगह पर ठेले वालों का कब्जा नगर निगम व पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में सख्ती से हटाए गए अतिक्रमण एक बार फिर अपनी जगहों पर जमने लगे हैं। बुधवारा बाजार व सिनेमा चौक क्षेत्र में तो मुख्य मार्गों पर ही अतिक्रमण कर लिया गया है। सब्जी विक्रेता व ठेला व्यवसायियों ने वाहन पार्किंग के स्थान पर अपनी स्थायी दुकानें निर्मित कर ली है।

### इन क्षेत्रों के कब सुधरेंगे हालात?

ऐसे ही हालात शहर के सराफा बाजार, जलेबी चौक, शिवाजी चौक, टपालचाल आदि क्षेत्रों के भी हैं। शहर के मुख्य बाजार जैसे घण्टा घर, बुधवारा, गिदवानी मार्केट, बाम्बे बाजार, पार्किंग की जगह पर ठेले वालों के कब्जों की वजह से सड़क पर जिसे जहां जगह मिलती है वे गाड़ी खड़े कर देता है। जिसके बाद सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। बुधवारा बाजार में तो सड़क के बीच में ही गाड़ीया खड़ी हो रही है।

# प्रकाशोत्सव के दौरान होगा गोपाष्टमी, तुलसी विवाह दीपदान और 6 नवम्बर को होगा विशाल भंडारा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। सिंधी कालोनी स्थित प्रसिद्ध बालकधाम में सुफी संत श्री गुरूनानकदेव जी का आठ दिवसीय 556वां जयंती प्रकाशोत्सव गुरुवार 30 से गुरुवार 6 नवंबर तक स्वामी माधवदास उदासी के सानिध्य में समाजजनों द्वारा बड़ी श्रद्धा हर्षोल्लास से मनाए जाने का निर्णय पूज्य सिंधी पंचायत प्रभारी अध्यक्ष मोहन दीवान की अध्यक्षता में आयोजित समाजजनों की एक बैठक में लिया गया।**

**सिंधी समाजजन 30 अक्टूबर से मनाएंगे गुरूनानक देव का 556वां आठ दिवसीय प्रकाशोत्सव**



आठ दिवसीय उत्सव के दौरान प्रति रात्रि 9 बजे से श्री झुलेलाल समर्थ पैनल, श्री पिपलेश्वर झुलेलाल भजन मंडली के साथियों व्दारा एवं 3 से 5 नवम्बर को भगत मोहन कोरो छमाछम पार्टी कल्याण (मुम्बई) व्दारा संगीतमय गीतों, भजनों, पल्लव की प्रस्तुतियां होगी। वहीं गुरुवार 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौमाता को गौ ग्रास खिलाया जाकर पूजा की जायेगी।

सोमवार 2 नवम्बर को देव उठनी एकादशी को भीष्म (भीखम) के अखंड दीपों का प्रज्ज्वलन एवं तुलसी विवाह का परंपरागत रूप से आयोजन एवं अंतिम दिन आम भंडारा आयोजित होगा।

यह जानकारी देते हुए बालकधाम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि प्रकाशोत्सव की शुरूआत गुरुवार 30 अक्टूबर रात्रि 11 बजे श्री गुरूग्रंथ साहेब के सप्ताह पाठ आरंभ से होगी। 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर प्रातः 9 बजे तुलसी विवाह का आयोजन एवं समाजजनों द्वारा पितरों की शांति एवं आशीर्वाद की कामना से भीष्म (भीखम) के अखंड दीपों का प्रज्ज्वलन किया जायेगा।

महोत्सव के दौरान मुख्य दिवस बुधवार 5 नवंबर मध्य रात्रि 1.20 बजें परंपरानुसार भगत मोहन कोरो छमाछम पार्टी कल्याण के कलाकारों के संगीतमय गीतों भजनों, पल्लव, लोरियों एवं लाडों की प्रस्तुति एवं रंग बिरंगी आकाशीय गगनभेदी आतिशबाजी के मध्यम गुरूनानक देव जी का जन्मोत्सव डोली उतारकर मनाया जाएगा।

प्रकाशोत्सव का समापन गुरुवार 6 नवंबर को प्रातः 11 बजे सप्ताह पाठ साहेब पर भोग पश्चात विशाल भंडारा के साथ होगा।

### समाज की बैठक में यह समाजसेवी रहे उपस्थित

बैठक में मोहन दीवान, नारायण चावला, मनोहर सबनानी, मेठाराम पिंजानी, राजू, महेश चंदवानी, शंकर, खैमचंद जेठवानी ,संजय, राजू सबनानी, प्रदीप, अनिल कोटवानी, शंकर आसवानी, किशनचंद कोटवानी, कुमार, नरेंद्र फतवानी, घनश्याम वाधवा, जयराम वाधवानी, प्रकाश आहूजा, विजय मंगवानी, हरिश मलानी, कन्हैयालाल सहजवानी, नारायण चावला, मनोहर संतवानी, डीडी आसवानी, निर्मल मंगवानी, महेश मंगवानी, अशोक राजाणी, राम वासवानी, अनुप, शंकर मिहानी, संतोष कृपलानी, साधु लखानी, जेठानंद जेठवानी, संतोष मोटवानी, जेठानंद हरचंदानी, शंकर, अशोक मंगवानी, केवलराम तेजवानी, लखमीचंद गोपानी, मनोज खैटपाल, सेवकराम विश्वानी, अनिल सबनानी, नरेश लालवानी, अजय, मनोज गेलानी सहित समाजजन उपस्थित थे।

# स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने की 471 गर्भवती महिलाओं की जांच

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं की जिला अस्पताल खंडवा एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 471 गर्भवती महिलाओं व हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों द्वारा भी सेवाएं दी गई। डॉक्टर ओपी जुगतावत ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजकर निःशुल्क सोनोग्राफी की जा रही है। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी दी जा रही हैं, ताकि खंडवा जिले की मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

उन्होंने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चे, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्मे शिशु में जन्मजात विकृति, कम वर्ष व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना, अधिक बच्चे होना तथा टीबी, गुर्दे, हृदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जैसे रोगों से ग्रसित गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क की श्रेणी में आती हैं। गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पौष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश दी जा रही है।



**कार्यशाला** — मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान-योग पर केंद्रित विशेष कार्यशाला का आयोजन

# किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बालिका गृह का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 54 के अंतर्गत न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने इटारसी स्थित जीवोदय गर्ल्स होम एवं मुस्कान बालिका गृह का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान शर्मा ने इन गृहों में रह रही खंडवा जिले की नाबालिग बालिका से मुलाकात की तथा उसके रखरखाव, देखरेख, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि श्री शर्मा ने बालिका का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि -जीवन की हर परिस्थिति में शिक्षा और आत्मविश्वास सबसे बड़ी शक्ति हैं, इनसे ही व्यक्ति अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकता है। शर्मा ने दोनों संस्थानों में अन्य बालिकाओं से भी आत्मीय चर्चा की और संस्थान प्रबंधन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और विकासोन्मुख वातावरण प्रदान किया जाए। निरीक्षण उपरांत प्रवीण शर्मा ने सभी बालिकाओं को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई वितरित की, जिससे वातावरण में उत्साह और आत्मीयता का संचार हुआ। सुनील जैन ने बताया कि निरीक्षण के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान-योग पर केंद्रित विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आनंद देव ने ध्यान एवं योग के माध्यम से मानसिक स्थिति को संतुलित रखने के उपाय विषय पर मार्गदर्शन दिया।



उन्होंने कहा — मन को नियंत्रित करना ही सबसे बड़ा योग है। ध्यान से व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर हर कठिन परिस्थिति पर विजय पा सकता है। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जीवन में योग और ध्यान अपनाने का संकल्प लिया।

निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों की व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि बालिकाओं के शिक्षा, कौशल विकास और पुनर्वास के क्षेत्र में संस्थानों द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समिति निरंतर ऐसे निरीक्षण करती रहेगी ताकि प्रत्येक बालिका के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके।